महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक–946/पी0ए0/2022 दिनांक– 24/12/2022

आवश्यक सूचना

(नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में)

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ द्वारा आयोजित सत्र 2022–23 स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं संचालित है। नकलविहीन, शुचितापूर्ण तथा शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षकों/सचल दस्ते का गठन किया गया है। पर्यवेक्षकों/सचल दस्ते द्वारा परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के उपरान्त विश्वविद्यालय को परीक्षा के सम्बन्ध में आख्या प्राप्त कराई जा रही हैं। सम्बन्धित आख्या परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 24.12.2022 में विचारार्थ प्रस्तुत की गई। परीक्षा समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में उड़ाका दल/पर्यवेक्षक टीम/सी.सी.टी.वी. नियंत्रण की आख्यानुसार नकल कराने अथवा नकल कराए जाने की आशंका की सूचना प्राप्त होती है, तो उक्त आख्या को उन केन्द्रों की उक्त तिथि की परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं सहित यू0एफ0एम0 कमेटी में प्रस्तुत किया जाएगा। यदि उनकी आख्या के आलोक में नकल अथवा सामूहिक नकल की पुष्टि होती है, तो ऐसे परीक्षा केन्द्रों की उस दिन की सम्बन्धित परीक्षा निरस्त कर परीक्षा केन्द्र डिबार करने की कार्यवाही की जाएगी। सम्बन्धित निरस्त परीक्षा राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र पर सम्पन्न करायी जाएगी तथा दोबारा परीक्षा कराये जाने का खर्च सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। ऐसे महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों की सूची भी तैयार की जाएगी, जिसका संज्ञान अग्रिम परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र निर्धारण में भी लिया जाएगा।

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
2. परीक्षा केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. नोडल केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner